राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)
एयरपोर्ट रोड, गांधी नगर भोपाल–462033
दूरभाष क्रमांक: 0755–2678855 फैक्स क्रमांक : 0755–2678837

क्रमांक / रागांप्रौवि / परीक्षा / 2021 / 835 भोपाल, दिनांक : 01-06-2021

प्रति,

प्राचार्य / संचालक / परीक्षा अधीक्षक
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध
समस्त महाविद्यालय,
मध्य प्रदेश

विषय : दिनांक 17/06/2021 से प्रारम्भ होने वाली ऑनलाइन सैद्धांतिक / प्रायोगिक परीक्षाओं के संबंध में दिशा–निर्देश।

—00—

उपरोक्त विषय के संबंध में विश्वविद्यालयीन परीक्षायें जून–2021 की समय–सारिणी अनुसार प्रारम्भ की जा रही हैं जिसमें प्रायोगिक परीक्षायें समय–सारिणी में उल्लेखित दिनांकों को आयोजित की जावेगी। इसके अतिरिक्त अन्य दिशा–निर्देश निम्नानुसार होंगे :–

1. विश्वविद्यालय के पोर्टल पर समय–सारिणी को अपलोड किया गया है जिसमें परीक्षा तिथि, दिन तथा समय का उल्लेख किया गया है, जिससे छात्रों को अवगत करावें।
2. समय–सारिणी में उल्लेखित प्रायोगिक परीक्षायें निर्धारित तिथि मे ऑनलाइन के माध्यम से संबंधित महाविद्यालय आयोजित करेंगे। बाहय परीक्षक का पैनल विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग / नोडल सेंटर द्वारा आपको उपलब्ध कराया जावेगा।
3. समय–सारिणी में उल्लेखित सैद्धांतिक परीक्षायें निर्धारित समय पर ऑनलाइन के माध्यम से आयोजित की जावेगी जिसमें परीक्षा का समय दो घंटे रहेगा एवं प्रश्नों का प्रकार बहुविकल्पीय (MCQ) आधारित रहेगा।
4. ऑनलाइन परीक्षा में छात्रों को degree.rgpvexam.in URL को Chrome ब्राउजर का उपयोग करते हुए छात्र रजिस्ट्रेशन करेंगे। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए छात्र द्वारा परीक्षा फॉर्म भरना आवश्यक होगा, बिना परीक्षा फॉर्म भरे छात्रों को ऑनलाइन परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।
5. ऑनलाइन परीक्षा के दौरान छात्र लेपटॉप अथवा डेस्क टॉप के माध्यम से परीक्षा में सम्मिलित होंगे तो उन्हें स्पीड व अन्य तकनीकी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। छात्र मोबाईल के माध्यम से भी ऑनलाइन परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं किन्तु उन्हें सुझाव है कि वे लेपटॉप अथवा डेस्क टॉप के माध्यम से परीक्षा में सम्मिलित हों जिससे परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा होने से बचा जा सके।
6. बी.ई. / बी.टेक. / बी.फार्मेसी 7, 8 सेमेस्टर की ऑनलाइन परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन दिनांक 11/06/2021 को प्रारम्भ होगा एवं रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 12/06/2021 रात्रि 12:00 बजे तक होगी। अंतिम तिथि के उपरांत किसी भी स्थिति में छात्रों का रजिस्ट्रेशन नहीं किया जावेगा एवं ऐसे छात्र आगामी ऑनलाइन मॉक टेस्ट व ऑनलाइन परीक्षा में सम्मिलित नही हो सकेंगे।

क्रमशः...

7. विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन सैद्धांतिक परीक्षा के पूर्व एक मॉक टेस्ट का आयोजन संकायवार दिनांक 13/06/2021 एवं 14/06/2021 को आयोजित किया जावेगा जिसकी समय–सारिणी पृथक से पोर्टल पर उपलब्ध कराई जावेगी।
8. विश्वविद्यालय द्वारा पोर्टल पर बी.ई./बी.टेक./बी.फार्मेसी के परीक्षा फॉर्म महाविद्यालय के लॉगिन में अग्रेषण हेतु अपलोड किए गए हैं। संस्थाओं से अपेक्षा है कि समय–सारिणी में उल्लेखित परीक्षा तिथियों तथा परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बिना विलंब शुल्क के दिनांक 05/06/2021 तथा विलंब शुल्क सहित दिनांक 08/06/2021 तक आवश्यक कार्यवाहियाँ पूर्ण कर लें, इसके उपरांत परीक्षा फॉर्म भरने की तिथियों में कोई परिवर्तन नहीं किया जावेगा।
9. विश्वविद्यालय द्वारा अंतिम सेमेस्टर / वर्ष के छात्रों के परीक्षा परिणाम दिनांक 30/06/2021 तक घोषित किया जाना प्रस्तावित है। अतः आपसे अपेक्षा है कि समय–सारिणी में दर्शाई गई तिथियों तथा परीक्षा फॉर्म भरने की उपरोक्त अंतिम तिथि के पूर्व समस्त कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जो छात्र ऑनलाइन विश्वविद्यालय के पोर्टल पर परीक्षा फॉर्म निर्धारित समय–सीमा में भरेंगे **केवल ऐसे छात्रों को ही ऑनलाइन परीक्षा के लिए degree.rgpvexam.in पर दिनांक 12/06/2021 तक पंजीकृत किया जावेगा एवं पंजीकृत छात्रों को दिनांक 13/06/2021 एवं 14/06/2021 को आयोजित एक मॉक टेस्ट में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जावेगा।**
10. विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम की घोषणा दिनांक 30/06/2021 को प्रस्तावित है जिसको ध्यान में रखते हुए पोर्टल पर छात्रों के आंतरिक विषयों (मिड सेम/थ्योरी सेशनल/थ्योरी क्विज) एवं प्रायोगिक विषयों (प्रेक्टिकल/प्रेक्टिकल सेशनल/प्रेक्टिकल क्विज) के अंकों की प्रविष्टी की लाइन दिनांक 08/06/2021 से खोली जावेगी। अतः आपसे अनुरोध है कि आंतरिक एवं प्रायोगिक विषयों के अंक पोर्टल पर प्रायोगिक परीक्षा की अंतिम तिथि तक पूर्ण करें। किसी भी स्थिति में इस तिथि को आगे नहीं बढ़ाया जावेगा। महाविद्यालयों द्वारा पोर्टल पर प्रविष्ट किए गए अंकों के आधार पर परीक्षा परिणाम घोषित किया जायेगा। पोर्टल पर ऐसी संस्थायें जो उपरोक्त निर्धारित तिथि तक अंक प्रस्तुत नहीं करेंगी उन्हें अनुपस्थित मानते हुए उनके परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए जावेंगे, जिसकी समस्त जिम्मेवारी महाविद्यालय के प्राचार्य/संचालक की होगी।

माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित।

परीक्षा नियंत्रक
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल